कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-15.08.2024

विषयः- आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले मे वांछित अभियुक्तगण 01- शनि उर्फ कर्मवीर मौर्य व 02- अनिल कुमार मौर्य थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-0151/2024 धारा 108 BNS थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित वांछित नामजद अभियुक्तगण 1. अनिल कुमार मौर्य पुत्र स्व0 शिवशंकर मौर्य निवासी भरथरा थाना लोहता जनपद वाराणसी 2. शनि उर्फ कर्मवीर मौर्य पुत्र अनिल कुमार मौर्य निवासी भरथरा थाना लोहता जनपद वाराणसी को आज दिनांक-15.08.2024 को समय करीब 10.05 बजे ग्राम भरथरा थाना लोहता से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक- 14.08.2024 को वादी श्री मनीष कुमार मौर्य पुत्र अजय मौर्य निवासी ग्राम बेनीपुर महेशपट्टी थाना मिर्जामुराद जनपद वाराणसी ने थाना लोहता में तहरीर दिया कि मैने अपनी बहन काजल मौर्या पुत्री अजय मौर्य की शादी लगभग 8 वर्ष पूर्व शनि उर्फ कर्मवीर मौर्य पुत्र अनिल मौर्य निवासी ग्राम भरथरा थाना लोहता वाराणसी के साथ धूमधाम से किया था परन्तु शादी के बाद से ही लगातार ससुराल वालों से मेरी बहन को दहेज के लिए प्रताणित किया जाता था, आज दिनांक 14/08/24 को लगभग दो बजे रात मेरी बहन को उसके पति शनि उर्फ कर्मवीर मौर्य पुत्र अनिल मौर्य, ससुर अनिल मौर्य पुत्र शिवशंकर मौर्य, सास गायत्री देवी पत्नी अनिल मौर्य, देवर शानु उर्फ धर्मवीर मौर्य पुत्र अनिल मौर्य के द्वारा दहेज के लिए प्रताणित करते हुए जान से मार दिया गया, इनकी प्रताड़ना से मेरी बहन ने फांसी लगाई है जिसकी सूचना ससुराल वालों द्वारा दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लोहता में मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. अनिल कुमार मौर्य पुत्र स्व0 शिवशंकर मौर्य निवासी भरथरा थाना लोहता जनपद वाराणसी उम्र करीब 29 वर्ष।
2. शनि उर्फ कर्मवीर मौर्य पुत्र अनिल कुमार मौर्य निवासी भरथरा थाना लोहता जनपद वाराणसी उम्र करीब 50 वर्ष।

गिरफ्तारी दिनांक, समय व स्थान- दिनांक-15.08.2024 को समय 10.05 बजे ग्राम भरथरा थाना लोहता से।

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0-0151/2024 धारा 108 BNS थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 प्रवीन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 अनुज कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 मोतीचन्द यादव थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 सुनील प्रसाद थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 विजय पाल थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी